@shahjahanpurpol

<u>प्रेस नोट – सराहनीय कार्य, दिनांक 27.08.2023</u>

<u>थाना अल्हागंज को मिली बडी सफलता,</u>

<u>अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे डेढ करोड रूपये की 1.5 किलोग्राम अवैध अफीम के साथ 02 मादक पदार्थ तस्कर गिरफ्तार, तस्करी मे प्रयुक्त मोटरसाइकिल व मोबाइल बरामद।</u>

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान तलाश वांछित/वारन्टी अपराधी व रोकथाम अवैध शराब/शस्त्र बिक्री-निर्माण तथा मादक पदार्थो की धर-पकड, चैंकिग संदिग्ध व्यक्ति-वाहन/गश्त के क्रम मे श्री संजीव कुमार वाजपेयी, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन व श्री अजय कुमार राय क्षेत्राधिकारी जलालाबाद के पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार थाना अल्हागंज के नेतृत्व में थाना अल्हागंज पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई।

दिनांक 26.08.2023 की रात्रि थाना अल्हागंज पुलिस वास्ते देखभाल क्षेत्र शान्ति व्यवस्था रोकथाम जुर्म जरामय तलाश वांछित अपराधी में मामूर होकर ग्राम मंझा पश्चिमी तिराहा की तरफ जा रहे थे, कि तभी बारहपत्थर रोड से मंझा पश्चिमी की तरफ से दो व्यक्ति आते हुये दिखाई दिया जो अचानक सामने से हम पुलिस वालों को आता देखकर पीछे मुडकर तेजी से भागने लगा। इस पर थाना अल्हागंज पुलिस द्वारा एक बारगी दबिश देकर आवश्यक बल प्रयोग कर **<u>मंझा पश्चिमी तिराहे से करीब 50 मीटर की दूरी पर पश्चिमी मंझा रोड़ पर मौके पर ही अभियुक्तगण 1.अशोक व 2. ब्रजेश कुमार समय करीब 21.00 बजे हिरासत पुलिस में लिया गया। जामा तलाशी पर अभियुक्त अशोक उपरोक्त से 800 ग्राम व अभियुक्त ब्रजेश कुमार उपरोक्त से 700 ग्राम भारी मात्रा में अफीम बरामद की गयी।</u>** बरामदगी के आधार पर नियमानुसार अभियोग पंजीकृत किये गये। अभियुक्तगण उपरोक्त को विधिक कार्यवाही उपरान्त न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

➢ **<u>गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण –</u>**

1. अशोक पुत्र राजेन्द्र उम्र 28 वर्ष निवासी मंझा पूर्वी थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।
2. ब्रजेश कुमार पुत्र मकरन्दलाल उम्र 50 वर्ष नि0मो0 मेवाती कस्बा व थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर।

➢ **<u>बरामदगी का विवरण -</u>**

1. डेढ किलोग्राम अफीम (अंतर्राष्ट्रीय बाजार मे अनुमानित की
2. एक अदद मोटरसाइकिल पेशन प्रो (तस्करी मे प्रयुक्त)
3. दो अदद मोबाइल।

<u>पूछताछ का विवरणः-</u>

पूछताछ मे अभियुक्तो ने बताया कि अशोक के पिता राजेन्द्र के नाम अफीम करने का 10 एरी का लाईसेंस है अशोक उसकी रखवाली करता था उसी में से थोडी थोडी अफीम निकालकर बचाकर रखा था तथा तथा ब्रजेश के पास भी थोडी अफीम रखी थी जिससे दोनों अफीम मिलाकर फुटकर मे बेचने जा रहे थे कि पुलिस द्वारा पकड लिया गया।

➢ **<u>पंजीकृत अभियोग –</u>**

1- मु0अ0सं0 320/2023 धारा 8/18 NDPS ACT, थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर

➢ **गिरफ्तार करने वाली टीम -**

1. श्रीमान क्षेत्राधिकारी श्री अजय कुमार राय, जलालाबाद जनपद शाहजहाँपुर,
2. थानाध्यक्ष श्री संजय कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
3. उ0नि0 श्री नगेन्द्र सिंह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
4. का0 74 सौरभ सिह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
5. का0 2106 पवन कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर,
6. का0 2462 भीम सिह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर
7. का0 2623 सेवेन्द्र सिह थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर
8. का0 2149 मंजीत कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर
9. का0 1736 अरविन्द कुमार थाना अल्हागंज जनपद शाहजहाँपुर